# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांक: 1898 / 48(2026) / परीक्षा / 2026–27 दिनांक: 01 / सितम्बर / 2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 01 / 2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) की लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 26.08.2026 को घोषित किया गया था। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त अभ्यर्थियों द्वारा अपने अनुतोष के सम्बन्ध में आयोग कार्यालय पर उपस्थित होकर, रजिस्टर्ड डॉक व ई–मेल के माध्यम से प्रत्यावेदन प्राप्त कराये जा रहे है। आयोग द्वारा प्रत्यावेदनों के निराकरण हेतु 05 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति प्राप्त प्रत्यावेदनों के समस्त पहलुओं का परीक्षण कर अपनी आख्या आयोग के समक्ष यथाशीघ्र उपलब्ध करायेगी। प्राप्त आख्या के आधार पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) के अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदनों का निराकरण / निस्तारण किया जायेगा।

आयोग से पत्राचार का इच्छुक कोई भी अभ्यर्थी अपना प्रत्यावेदन आयोग की ई–मेल upesscprayagraj@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध करा सकता है।

01.09.2026

उपसचिव